## आचार संहिता:छह को होगी धर्मेंद्र यादव के मामले की सुनवाई

बदायूं, अमृत विचार : पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव समेत 29 लोगों पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला एमपी-एमएलए सिविल जज सीनियर डिजीवन लीलू सिंह के कोर्ट में विचाराधीन है। इस मामले में अगली सुनवाई 6 जून को होगी।

सदर एसडीएम सुखलाल प्रसाद वर्मा द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें कहा गया था कि चुनाव के समय एक लॉन में शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों को बुलाया गया था जो चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। आरोप संशोधन होने के बाद फाइल बहस में लग गई थी। अभियोजन पक्ष ने अपनी बहस की शुरुआत कर दी है। पूर्व सांसद गुरुवार को न्यायालय में उपस्थित नहीं थे।

### बाढ़ से बचने की कवायद : नौ स्थानों पर चल रहा मरम्मत कार्य अंतिम चरण में पहुंचा

# सभी बांधों की मरम्मत 15 जून तक पूरा करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : मानसून से पहले ही बाढ़ खंड सभी बांधों की मरम्मत पूरी कर लेगा। शासन स्तर से 15 जून तक मरम्मत कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में नौ स्थानों को चिन्हित कर तटबंधों पर काम किया जा रहा है। पिछले साल इन्हीं स्थानों पर बाढ़ खंड को दिक्कत हुई थी।

पिछले साल बाढ़ ने उसहैत सहसवान और दातागंज क्षेत्र में भारी तबाही मचाई थी। उसहैत, उसावां, कछला सहसवान के बांध भी क्षतिग्रस्त हो गए थे। इस बार बाढ़ खंड ने जिले के सभी नौ प्वाइंटों को चिन्हित कर शासन को मरम्मत का प्रस्ताव भेजा। शासन ने 20 करोड़ की धनराशि स्वीकृत कर दी। धनराशि स्वीकृत होने के बाद विभाग ने बांधों की मरम्मत शुरू करा दी। इस साल लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से दो दिन पूर्व तटबंधों की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया। अब शासन ने निर्देश दिए हैं कि 15 जून तक हर हाल में तटबंधों की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया जाए। जिससे बारिश बाढ़ के समय किसी तरह की परेशानी न हो।

बांधों की मरम्मत का कार्य 15 जून तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। 14 जून को मानसून आ जाता है। मानसून से पहले ही सभी नौ प्वाइंटों पर मरम्मत कार्य अंतिम चरण में हैं। बांधों पर लाल पत्थर डाला गया है। अन्य कार्य कराए गए हैं। अब बाढ़ के समय कोई दिक्कत नहीं होगी। सहसवान के महाबा बांध पर काम पूरा हो चुका है। कछला के हुसेनपुर बांध की मरम्मत की जा चुकी है। उसावा बांध पर भी लगभग पूरा कार्य हो चुका है। उसहैत बांध पर काम चल रहा है जो एक सप्ताह के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। अन्य स्थानों पर कार्य पूरा कर लिया गया है।

> तटबंधों की मरम्मत का कार्य अंतिम चरण में है। 15 जून तक कार्य पूरा करना है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी। उसके बाद अन्य छोटे छोटे कार्य रह जाएंगे जो निरीक्षण के बाद होते रहेंगे।
> – उमेश चंद्र, अधिशासी अभियंता

### पहाड़ों पर हो रही बारिश, गंगा का बढ़ा जलस्तर



बदायूं। पहाड़ों पर हुयी बारिश का असर मैदानी इलाकों में दिखने लगा है। गंगा में करीब एक फिट पानी बढ़ गया है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि एक सप्ताह में करीब एक मीटर जलस्तर बढ़ जाएगा। गंगा नदियों में सामान्यत: कुछ दिन पहले तक एक हजार क्यूसेक पानी आता था जिससे कोई दिक्कत नहीं होती थी। लेकिन पहाड़ो पर हो रही बारिश के चलते चार दिन से 6 हजार क्यूसेक पानी आ रहा है जिससे गंगा का जलस्तर करीब दो फिट बढ़ गया है। सबसे पहले सहसवान में पानी बढ़ा है। उसके बाद कछला गंगा नदी में पानी का बहाव तेज हुआ और अब बढ़ा हुआ पानी उसहैत क्षेत्र में गंगा नदी तक पहुंच गया है। आस पास के गांव के लोगों में खलबली है। बाढ़ खंड ने बताया कि अभी तो गंगा में दो फीट पानी बढ़ा है। इस पानी से कोई दिक्कत नहीं होगी। यदि एक मीटर पानी बढ़ता है तो उसहैत क्षेत्र के लोगों को दिक्कत हो सकती है। कछला गंगा में स्नान करने वालों को सचेत किया जा रहा है।

## नगर में धूमधाम से निकाली गई परशुराम शोभायात्रा



मंच पर बैठे बरेली के महापौर डॉ. उमेश गौतम व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

अमृत विचार: गुरुवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों ने फूल वर्षा का स्वागत किया।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में आयोजित शोभायात्रा नगर अंबियापुर चौराहे से हरी झंडी देकर शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा नगर के मोहल्ला संख्या आठ, जैन बाजार, पालिका बाजार, चंद्रशेखर आजाद मार्केट, बालाजी चौक, सर्राफा बाजार, अटल चौक, कटरा बाजार होते हुए कछला रोड पर शांति नन्दन पैलेस पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा को सफल बनाने में अनिल उपाध्याय, शैलेंद्र शर्मा, विवेक शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, रजनीश शर्मा, अरविंद शर्मा आदि का योगदान रहा।

# डेढ़ हजार किसानों के खेतों की जांची जाएगी मिट्टी

### 15 विकास खंडों के 150 गांवों को किया गया चयनित, 15 हजार मिट्टी के नमूने लिए जाने हैं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: खेतों में रासायनिक उर्वरकों के अत्याधिक प्रयोग से खेतों की गुणवत्ता नष्ट होती जा रही है। खेतों में जीवांश और जैविक कार्बन की कमी हो गई है। जिले के 150 गांवों के डेढ़ हजार किसानों के खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति की जांच की जा रही है। कृषि विभाग की टीमें चयनित गांवों में पहुंचकर खेतों से नमूने ले रही हैं। विभाग को 15 हजार नमूने लिए जाने हैं। इनमें से 29 सौ से अधिक सैंपल लिए जा चुके हैं। इस कार्य को खरीफ सीजन शुरू होने से पूर्व 15 जून तक पूरा किया जाना है।

खेती में यूरिया के अत्यधिक इस्तेमाल से साल दर साल मिट्टी की सेहत बिगड़ रही है। जमीन में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश और जिंक की कमी वर्तमान में फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है। जिसका असर मानव जीवन पर भी पड़ रहा है। मिट्टी के उपजाऊपन को बनाए रखने को कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर न सिर्फ मिट्टी का नमूना लिया जाता है बल्कि प्रयोगशाला में उसकी जांच भी की जाती है। यदि मिट्टी में किसी भी प्रकार के पोषक तत्व की कमी होती है, तो संबंधित किसानों को खेतों में उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए जरूरी जानकारी दी भी जाती है।

खरीफ सीजन शुरू होने वाला है। किसान फसल बुवाई के लिए खेतों को तैयार करने के लिए योजना तैयार करने लगे हैं। ऐसी स्थिति होने पर कृषि विभाग ने जिले में मिट्टी की जांच के लिए अभियान अभियान शुरू किया है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार अभियान 15 जून तक चलेगा। इसके लिए जिले के सभी 15 विकास खंड के 150 गांवों का चयन किया गया है। प्रत्येक गांव में 100-100 किसानों के खेत की मिट्टी का नमूना लिया जाएगा। बाद में उनकी जांच प्रयोगशाला में की जाएगी।


प्रयोगशाला में रखीं मिट्टी जांच की मशीनें। ● अमृत विचार

- 29 सौ से अधिक सैंपल लिए जा चुके हैं, 15 जून तक पूरी की जानी है प्रक्रिया

### मिट्टी में 12 पोषक तत्वों की होगी जांच

जिले के 15 सौ गांवों से मिट्टी के 15 हजार नमूने लिए जाएंगे। मिट्टी में 12 प्रकार के तत्वों की जांच की जाएगी। जिसमें पोषकत्व पीएच मान, फास्फेट, पोटाश, ईसी, जीवांश कार्बन, सल्फर, बोरॉन, आयरन, मैग्नीज, कॉपर, जिंक, नाइट्रोजन की जांच की जाएगी। यह जांच पूरी तरह से निशुल्क होगी।

### किसानों को दिए जाएंगे मृदा कार्ड

मिट्टी के सैंपल लिए जाने के बाद प्रयोगशाला में पोषक तत्वों की जांच की जाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद किसानों को खेतों की उपयोगिता बनाए रखने के लिए जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्हें मृदा कार्ड भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

> 15 हजार मिट्टी के सैंपल लिए जाने हैं। अब तक 29 सौ नमूने लिए जा चुके हैं। मिट्टी के सैंपल की जांच पूरी तरह से निशुल्क होगी। किसानों को चाहिए कि वह रासायनिक उर्वरकों के साथ-साथ गोबर की खाद और हरे चारे की खाद का उपयोग अवश्य करें। जिससे जमीन में पोषक तत्व की कमी न हो।
> –मनोज कुमार, उप कृषि निदेशक

## बिना एनओसी चल रहे अस्पतालों के खिलाफ होगा प्रदर्शन

बदायूं, अमृत विचार : युवा मंच संगठन अब स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करेगा।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता ने कहा कि तमाम अस्पतालों मं आग बुझाने के उपकरण नहीं हैं। दिल्ली में एक अस्पताल में पिछले दिनों आग लग जाने से कई बच्चों की जलकर मौत हो गई और दर्जनों बच्चे झुलस गए। यहां भी इसी तरह के हालात हो सकते हैं।

कहा कि जिले में करीब चार सौ निजी अस्पताल है जिनमें से अधिकांश बिना एनओसी के चल रहे हैं यह सभी विभाग की साठगांठ से चल रहे हैं। अब युवा संगठन मंच इस मामले को लेकर प्रदर्शन करेगा और अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों को बंद कराएगा। कहा कि लोगों के स्वास्थ्य क साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

### घर में घुस कर मारपीट, महिला घायल

सहसवान, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला जहांगीराबाद निवासी सीता देवी पत्नी ईश्वरी प्रसाद पुलिस को तहरीर दी कि बुधवार की शाम चार बजे अपने घर पर बहू अंजू व देवरानी कंचन के साथ बैठी थीं। मोहल्ले का सुमित पुत्र नेत्रपाल शराब के नशे में आया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसकी बहू अंजू के साथ मारपीट करने लगा। इसी बीच हमलावरों के परिवार से उसकी पत्नी विमला, पुत्री निक्की, मुस्कान व पुत्र सोनू लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर आ गए और मारपीट की जिससे वह घायल हो गई। उनके कुंडल भी निकल कर गिर गए। मोहल्ले के अन्य लोग आ गए, लोगों ने हमलावरों के चंगुल से किसी तरह बचाया।









## आईवीआरआई में किया गया हिरण का उपचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : शिकारी कुत्तों के हमले में घायल हिरण का आईवीआरआई में उपचार किया गया। उपचार के बाद वन विभाग की टीम ने नवादा स्थित अरबोरिटम पौधशाला में लाकर रखा है। हिरण के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। लगभग एक सप्ताह तक हिरण को यहां रखा जाएगा, उसके बाद जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

थाना अलापुर क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर के जंगली कुत्ते मंगलवार की रात को एक हिरण को दौड़ाकर घायल कर दिया। झंडपुर के खेतों में मक्के की रखवाली कर रहे किसानों ने हिरण को बचाया और पूरी रात अपने पास ही रखा। पशु चिकित्सक डा. बिक्रम सिंह ने हिरण का प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद वन विभाग की टीमघायल हिरण को लेकर बरेली पहुंची। आईवीआरआई के पशु चिकित्सकों ने हिरण के जबड़े में टांके लगाए। वन विभाग की टीम हिरण को लेकर आयी और उसे बरेली रोड स्थित नवादा के अरबोरिटम पौधशाला में रखा गया है, जहां उसकी देखभाल की जा रही है।


घायल हिरण

- नवादा की अरबोरिटम पौधशाला में रखकर की जा रही देखभाल

> रण को अरबोरिटम पौधशाला में रखा गया है। कर्मचारी उसकी देखभाल कर रहे हैं। हिरण जब पूरी तरह ठीक हो जाएगा तो उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा। – प्रदीप कुमार – डीएफओ

## मानसून से पहले कराई जा रही है नाले नालियों की सफाई


नाले की सफाई करते कर्मचारी।

बदायूं,अमृत विचार : जलभराव की समस्या न हो इसके लिए इंतजाम किए जा रहे हैं। मानसून के दस्तक देने से पहले शहर के नालों की सफाई कार्य किया जा रहा है।

जिलाधिकारी मनोज कुमार एवं नगर मजिस्ट्रेट अधिशासी अधिकारी अरुण कुमार के निर्देशों के तहत गुरुवार को जफा की कोठी के नाले, वार्ड नंबर 27, नई सराय, रजा मार्केट आदि के नालों की सफाई बड़ी जेसीबी से कराई जा रही है। नालों की सफाई कार्य का निरीक्षण भी किया जा रहा है।

# रेलवे स्टेशन का शुरू हो गया कायाकल्प

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। पुरानी टिनशेड को हटाया जा रहा है। साथ ही पूरे रेलवे स्टेशन पर टाइल्स लगाए जाएंगे। यह सभी कार्य एक करोड़ 68 लाख रुपए से कराए जाएंगे।

रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण काफी समय से प्रस्तावित था। अमृत भारत योजना से पूरे रेलवे स्टेशन का कायाकल्प का आरंभ गुरुवार को गति शक्ति द्वारा कर दिया गया। प्लेटफार्म नंबर एक पर टिनशेड हटाई जाने लगी। यह कार्य तीन हिस्सों में किया जाएगा। गुरुवार को जीआरपी थाने की ओर से टिनशेड हटाने का काम शुरू कर दिया गया। कुछ हिस्से का टिनशेड हटा कर पहले यहां पर नया टिनशेड डाला जाएगा, उसके बाद अगले हिस्से का टिनशेड हटाकर नया डाला जाएगा। स्टेशन अधीक्षक कार्यालय के समक्ष खुले मैदान पर भी टिनशेड डाला जाएगा।

फर्श तोड़कर टाइल्स लगाया जाएगा। खंभे की लाइट को भी आधुनिक बनाया जाएगा। पेयजल के लिए करीब आधा दर्जन नए प्वाइंट बनाए जाएंगे। प्लेटफार्म एक पर जब सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा उसके बाद प्लेटफार्म दो पर काम शुरू कराया जाएगा।


रेलवे स्टेशन से हटाई जा रही पुरानी टिनशेड। ● अमृत विचार

- अमृत भारत योजना के अंतर्गत किया जा रहा है काम
- पुराना टिनशेड हटाकर नया डालने का काम शुरू

> गति शक्ति द्वारा रेलवे स्टेशन पर सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। पूरे रेलवे स्टेशन पर टिनशेड डाला जाएगा। अमृत भारत योजना के तहत करीब एक करोड़ 68 लाख रुपए से सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। उसके बाद जो अन्य कार्य होने हैं उसके लिए अलग से बजट तैयार किया जाएगा। फिलहाल दो कार्य कराए जा रहे हैं।
> –जाकिर हुसैन, आई डब्ल्यू

### परचून की दुकान में आग

बिल्सी। गांव खैरी में शिशपाल की घर के बराबर में ही परचून की दुकान है। रात 12 बजे दुकान से धुआं निकलते देखा तो शिशुपाल ने दुकान का दरवाजा खोलकर देखा दुकान के अंदर रखा सारा सामान आग की लपटों के साथ जल रहा था। लोगों ने आग पर पानी डालकर काफी प्रयास किया। मगर तब तक आग से पूरी दुकान सामान जलकर खाक हो गया। इसमें दो लाख से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है।

## बुजुर्ग की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

बदायूं,अमृत विचार : कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव मिहौना निवासी श्रीराम (62) पुत्र तोताराम ने अपने गांव निवासी सुरजीत को रुपये उधार दिए थे लेकिन सुरजीत उनके रुपये नहीं लौटा रहा था। जिसके चलते दोनों पक्ष में अक्सर ही विवाद होता था। पांच मई को श्रीराम खेत पर जा रहे थे। उन्होंने रास्ते में सुरजीत से रुपये मांगे। सुरजीत और उसके परिजनों ने श्रीराम को लाठी-डंडे से पीटा। दरांती से उनके गले पर वार किए। श्रीराम की मौके पर मौत हो गई। मृतक के बेटे पुष्पेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने सुरजीत, गिरीश, मदन लाल, सचिन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। सुरजीत को उसी दिन जेल भेज दिया था। गुरुवार को पुलिस ने अन्य तीनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया।


पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

## परिवादी को 4.96 लाख रुपये दे ओरिएंटल इंश्योरेंस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अवनीश कुमार ने दायर किया था परिवाद, उपभोक्ता फोरम ने दिया आदेश

अमृत विचार : उपभोक्ता फोरम ने ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी पर 4 लाख 96 हजार 375 रुपए परिवादी को देने और परिवार दायर करने की तिथि से 6 प्रतिशत ब्याज देने का आदेश दिया है।

शहर के मोहल्ला कल्याण नगर निवासी अवनीश कुमार गुप्ता ने 6 सितंबर 2022 को परिवाद दायर किया था। जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने विकारउद्दीन से क्रूजर मैक्सी कैब खरीदी थी। वाहन का पंजीकरण 18 जनवरी 2016 से 15 मार्च 2023 तक का था। वाहन 4 लाख 96 हजार 375 रुपए से बीमित था। वाहन को खरीदते समय पुराना बीमा 7 जनवरी 2022 तक की अवधि तक होने के कारण परिवादी ने नया बीमा नहीं कराया।

14 दिसंबर 2021 को थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव फरीदापुर में ट्रक से टकरा गया। वाहन में बैठे बबलू और मिथलेश की मृत्यु हो गई। बीमा कंपनी से बीमा भुगतान मांगा तो बीमा कंपनी ने क्लेम खारिज कर दिया और कहा की बीमा ट्रांसफर नहीं कराया था । परिवादी अधिवक्ता व विपक्षी अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष संजीव यादव ने आदेश दिया कि परिवादी को 4 लाख 96 हजार 375 सहित 2500 रुपये परिवाद खर्च सहित 6 प्रतिशत का ब्याज दिया जाए।

### पानी की नहीं सुधि | लाखों रुपये खर्च कर बनाए अमृत सरोवर में नहीं बूंद भर पानी, भटकते हैं पशु-पक्षी

# अमृत सरोवर से भी नहीं आस, कैसे बुझे पशु-पक्षियों की प्यास

संवाददाता, ओरछी

अमृत विचार: आसफपुर के गांव खेड़ा दास में मनरेगा के तहत अमृत सरोवरबनवाया गया था। भीषण गर्मी में तालाब सूखा पड़ा है। डीएम के आदेश पर भी इसमें पानी नहीं भरवाया गया है। ऐसी स्थिति में पशु-पक्षी पानी के लिए भटकते रहते हैं।

भीषण गर्मी में हर कोई परेशान है। गर्मियों में हर किसी को सबसे ज्यादा पानी की जरूरत रहती हैं। शासन के आदेश पर पिछले साल गांव में खेड़ा दास में अमृत सरोवर का निर्माण कराया था। जिस पर तालाब का निर्माण हुआ था उस समय इसके चारों ओर पौधे भी लगाए गए थे। साथ ही टहलने के लिए पथ भी बनाया गया था। उस दौरान तालाब में पानी भी था। अब लाखों की लागत से बना अमृत सरोवर जीर्णशीर्ण अवस्था में पहुंच चुका है। पानी भी सूख चुका है। उसकी देख रेख भी नहीं हो रही है। तालाब के किनारे लगाए गए पौधे भी नष्ट हो चुके हैं। डीएम ने तालाब में पानी भरवाने के आदेश दिए थे। प्यास बुझाने के लिए कई बार जीव जंतु जंगल से निकलकर गांव तक पहुंच रहे हैं। जिसकी वजह से लोगों में भय बना हुआ है।


गांव खेड़ा दास में सूखा अमृत सरोवर। ● अमृत विचार

> जहां जल के स्रोत हैं। वहां से पानी लेकर अमृत सरोवर में पानी छोड़ा रहा है। जहां नहीं हैं उनमें पानी भरवाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। खेड़ा दास गांव के आस पास कोई नहर आदि नहीं है। फिर भी कोशिश करेंगे कि तालाब में पानी भरवाया जाए।
> –बलराम कुमार, डीसी मनरेगा


### जिले में 76 प्रतिशत रहा मदरसा बोर्ड का रिजल्ट

बदायूं। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड की ओर से गुरुवार को रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें जिले का परिणाम 76 प्रतिशत रहा। 1756 में 1342 छात्र पास हुए हैं। मार्च माह के दौरान यूपी मदरसा बोर्ड की आलिम, कामिल, फाजिल, मुंशी और मौलवी की परीक्षाएं हुई थीं। जिले में छह कॉलेजों को केंद्र बनाया गया था। गुरुवार को मदरसा बोर्ड द्वारा परिणाम घोषित कर दिया है। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी मोहम्मद खालिद ने बताया कि परीक्षा में 1756 विद्यार्थी पंजीकृत थे।










# नवादा फीडर में लगी आग, पूरे शहर की बिजली गुल

## बिजली घर में जले तार और ट्रांसफार्मर, घंटों की मशक्कत के बाद बुझाई जा सकी आग

- भीषण गर्मी में बिजली सप्लाई ठप होने से परेशान रहे उपभोक्ता
- देर शाम तक बिजली सुचारू करने का प्रयास करते रहे कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच नवादा बिजली घर पर अचानक आग लग जाने से पूरा बिजली घर जल उठा। आग लगने पर आनन फानन में शहर की बिजली सप्लाई रोक दी गयी। बिजली सप्लाई ठप हो जाने से पूरे शहर में हाहाकार मच गया। कई घंटों से बिजली गुल है। कुछ आस-पास के गांवों में भी सप्लाई ठप कर दी गयी है।

कई दिनों से जिले भर में बिजली संकट बना हुआ है। हर दिन चार से पांच घंटे तक की अघोषित कटौती हो रही है। जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। विभाग इधर उधर की बातें करके अपना पल्ला झाड़ ले रहा है। उपभोक्ताओं को सही जानकारी नहीं दी जा रही है। गुरुवार को शाम तीन बजे से बिजली सप्लाई ठप हो गयी। पूरे शहर की एक साथ बत्ती गुल होने से खलबली मच गई। विभाग के अधिकारियों से जानकारी की गयी तो पता चला नवादा स्थित 132 केवीए का विद्युत उपकेन्द्र में आग लग गयी है। बिजली घर में आग लगने के बाद कर्मचारी परेशान हो गए। शहर की सप्लाई रोक दी। नवादा बिजली घर से जिन गांवों को बिजली सप्लाई होती थी उन गांवों में भी बिजली गुल हो गयी। गया। नवादा से कुंवरगांव तक जितने गांव हैं उन सभी गांवों को इसी बिजलीघर से बिजली सप्लाई की जाती है। बिजली ठप होने पर सलारपुर गांव के दर्जनों ग्रामीण बिजलीघर पर पहुंच गए।

उधर शहर में लालपुल से लेकर नवादा तक, दातागंज चौराहे से लेकर कबूलपुरा तक और मंडी समिति से लेकर कुरऊ तक बिजली ठप रही। शहर के किसी हिस्से में बिजली नहीं रही। अधिकारियों ने भी विभाग को फोन किए उन्हें बताया गया कि कुछ ही देर में सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। नवादा बिजली घर पर आग लगने की सूचना मिलने पर अधिशासी अभियंता प्रथम संजीव कुमार भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आस पास के कई अन्य बिजलीघरों से कर्मचारियों को बुला कर काम शुरू करने के निर्देश दिए, जिससे जल्द से जल्द सप्लाई शुरू की जा सके।


नवादा बिजली घर में आग से उठ रहा धुआं। ● अमृत विचार

### कई तार और ट्रांसफार्मर जले

पनबड़िया बिजली घर के एसडीओ अतुल ने बताया कि बिजलीघर में तकनीकी खराबी के चलते आग लग गयी। जिसके कारण पूरे शहर की सप्लाई रोक दी गयी है। आग पर काबू पा लिया गया है। करीब दो दर्जन पावर कारपोरेशन कर्मचारी बिजली घर पर काम कर रहे हैं। कई तार और ट्रांसफार्मर जल जाने से भारी क्षति हुई है। लोड अधिक पड़ने और गर्मी अधिक होने से परेशानी हो रही है।

### आठ दिन से बिजली बाधित

शहर के ढाक वाली जियारत स्थित विद्युत उपकेन्द्र से सुबह आठ बजे से दस बजे तक सप्लाई ठप रही जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस विद्युत उपकेन्द्र से ककराला रोड के कई गांवों को बिजली दी जाती है। हर घंटे में ट्रिपिंग होने से उपभोक्ता परेशान रहते हैं। करीब आठ दिन से बिजली बाधित है। चार से पांच घंटे की अघोषित कटौती हो रही है। जिसकी शिकायत भी विभाग से की जा रही है लेकिन अधिकारी किसी बात पर ध्यान नही दे रहे हैं।

# ककराला में बिजली संकट वैकल्पिक व्यवस्था की मांग


चेयरमैन इंतखाब अहमद सकलैनी व ईओ को मांग पत्र सौंपता शिष्टमंडल।

संवाददाता, ककराला

- कस्बे के लोगों ने चेयरमैन को सौंपा मांग पत्र

**अमृत विचार :** कस्बे में 50 साल पुरानी बिजली की लाइनें आए दिन टूटकर गिर रहीं हैं जिनको ठीक करने को बार बार शटडाउन लिया जाता है, जिससे पूरे कस्बे की बिजली बाधित रहती है।

कस्बे में कई स्थानों पर ट्रांसफार्मरों पर लोड अधिक होने से कटौती हो रही है। बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली समस्या को लेकर एक शिष्टमंडल गुरुवार को चेयरमैन इंतखाब सकलैनी और ईओ सुनील कुमार मिश्रा से मिला। शिष्टमंडल ने चेयरमैन को मांगपत्र दिया । मांग की कि कस्बे में नियमित बिजली देने के लिए पालिका प्रशासन वैकल्पिक व्यवस्था करे। पालिका की ट्रालियों पर ट्रांसफार्मर रख कर बिजली सप्लाई दी जाए।

मुस्लिम सकलैनी, बाहिद राजपूत, अकमल खान, नाजिम सईद, मोहम्मद ताइफ़ खां, अशरफ खां डॉ. अजीम खां सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### राजकीय मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने लगाया ध्यान

**बदायूं ।** राजकीय मेडिकल कालेज में हार्टफुलनेस संस्था की ओर से तीन दिवसीय मेडिटेशन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन प्रशिक्षक लखन सिंह ने ध्यान करते समय किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है उसकी जानकारी दी। जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्र ने विद्यार्थियों को बताया कि ध्यान लगाने से दिन भर किए गए कार्य के दौरान मन में आईं अशुद्धियों, जटिलताओं और भावनात्मक भारीपन को हटाने में मदद मिलती है। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डा. अर्शिया मसूद, डा. वेंकटनारायण, डा. राजेश कुमार शाक्य, डा. प्रियंका साहू, डा. मुकेश बंसल, डा. मुख्तियाज, डा. लालेन्द्र, डा. नितेश पति आदि उपस्थित रहे।

### किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं ।** कोतवाली उझानी क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी 20 मई को शौच के लिए गई थी। गांव जजपुरा निवासी सोनू सागरने रात लगभग साढ़े आठ बजे किशोरी से दुराचार किया। किशोरी के पिता ने 22 मई को आरोपी के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को जजपुरा मोड़ से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### एसडीएम ने बिजली उपकेंद्र का किया निरीक्षण

**बिल्सी ।** गुरुवार को एसडीएम प्रवर्धन शर्मा ने बिजली उपकेंद्र का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम करीब दोपहर के साढ़े 12 बजे बिजली उपकेंद्र पंहुचे। अवर अभियंता दिनेश कुमार से लॉग बुक मांगी और निरीक्षण किया। लॉग बुक में पिछले दो दिनों के अंदर पांच और 10 घंटे कटौती का उल्लेख था। अवर अभियंता ने बताया कि इन दिनों में मुख्य लाइन में ब्रेक डाउन हो गया था। जिसके कारण उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति नहीं मिल सकी थी। एसडीएम ने बताया कि इन दिनों भीषण गर्मी पड़ने से बिजली की स्थिति और भी खराब हो जाती है।

# मार रही गर्मी, दिनों दिन बढ़ रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बढ़ती गर्मी कई तरह की बीमारियों को जन्म दे रही है। डायरिया के मरीजों की जिला अस्पताल में भरमार है। बेडों पर जगह नहीं बची है, मरीजों को बेचों पर या फिर वार्ड से बाहर बेड डाल कर भर्ती किया जा रहा है।

जिला अस्पताल का महिला वार्ड फुल हो चुका है। पुरुष वार्ड में एक भी बेड खाली नहीं है। हीट स्ट्रोक वार्ड में दस्त और डायरिया के मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। इस वार्ड में एक भी बेड नही होने से दिक्कत हो रही है। शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी विजय को गुरुवार को सुबह सात बजे दस्त शुरू हो गये। उनकी पत्नी रजनी ने विजय को जिला अस्पताल में दिखाया। चिकित्सकों ने भर्ती कर लिया। विजय को हीट स्ट्रोक वार्ड में बेंच पर भर्ती कर ड्रिप लगा दी। डायरिया के मरीज को वार्ड के बाहर अलग बेड डाल कर भर्ती किया गया। युवक ने बताया कि दो दिन से परेशान हैं जिसके बाद गुरुवार को यहां पर डॉक्टरों को दिखाया तो उसे भर्ती कर लिया गया।

डायरिया पीड़ित अन्य मरीजों का कहना है कि दो से तीन दिन हो गए दवा भी असर नहीं कर रही। डॉक्टर सुबह को देख कर दवाएं लिखते हैं। ड्रिप लगाई जा रही है। दूसरे वार्ड में भी मरीज भर्ती हो रहे हैं। मलेरिया वार्ड भी मरीजों से भरा हुआ है। चिकित्सकों का कहना है मौसम में परिवर्तन आने पर ही स्थिति में सुधार होगा।


वार्ड से बाहर बेड पर लेटा मरीज।


वार्ड में बेंच पर भर्ती मरीज।

### मौसम बदलने पर सुधरेगी स्थिति

फिजीशियन डा. पंकज सिंह ने कहा कि गर्मी के चलते डायरिया और दस्त के मरीज बढ़ रहे हैं। जब तक गर्मी का प्रकोप रहेगा तब तक डायरिया का प्रकोप बना रहेगा। डायरिया और दस्त के साथ ही बुखार के मरीज भी बढ़ रहे हैं। हर रोज मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। वार्ड फुल हो चुके हैं। अब अलग बेड लगाने शुरू कर दिए गए हैं।

- जिला अस्पताल में दस्त और डायरिया के मरीजों की भरमार

# बिजली के तार चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**ओरछी ,अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में बिजली की तारों की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से 50 किग्रा बिजली का तार बरामद हुआ।

ग्रामीणों ने कस्बा फैजगंज बेहटा के पास बिजली तार चोरी करने वाले युवक को पकड़ा। उसके पास से चोरी का तार भी बरामद हुआ था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही थी। उसने अपना नाम जिला रामपुर के थाना गंज क्षेत्र के मोहल्ला डूगरपुर की आसरा कॉलोनी निवासी यूसुफ उर्फ बिट्टू बादशाह बताया था। उसने अपने साथियों के नाम जिला संभल के थाना बनियाठेर क्षेत्र के मोहम्मद गंज निवासी रिफाकत पुत्र लियाकत, इसी मोहल्ले के अकरम पुत्र अफसर बताए। अवर अभियंता की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी यूसुफ उर्फ बिट्टू को जेल भेजा जबकि उसके दो साथियों की तलाश चल रही है।

# कपड़ा व्यापारी के घर लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** चोरों ने बुधवार रात कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव आरिफपुर नवादा निवासी कपड़ा व्यापारी के घर के ताले तोड़कर नगदी, जेवर समेत लगभग चार लाख का सामान चोरी करके ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना कर जल्द खुलासा का आश्वासन दिया। घर के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की जा रही है।

गांव आरिफपुर नवादा निवासी सबा करीम हुसैन कपड़ा व्यापारी हैं। उनका दिल्ली में कपड़ों का थोक का व्यापार है। तकरीबन एक महीने पहले उनकी शादी थी। शादी के बाद वह पूरे परिवार को लेकर दिल्ली चले गए लेकिन नगदी व जेवर घर पर ही रखे थे। बुधवार सुबह वह शहर के मोहल्ला लालपुल स्थित अपनी ससुराल गए थे। रात को वहीं रुके। गुरुवार सुबह उनके पड़ोसी ने फोन करके बताया कि उनके घर के मेन गेट के ताले टूटे पड़े हैं। सबा करीम हुसैन अपने घर पहुंचे। घर के भीतर जाकर देखा तो पूरे घर में सामान बिखरा पड़ा था। बक्से और अलमारी में रखे डेढ़ लाख रुपये, सोने को दो तोले का हार, डेढ़ तोले का झूमड़, एक अंगूठी, एक जोड़ी पायजेब गायब थे। चोरी की जानकारी होने पर गांव के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर सिविल लाइन कोतवाली पुलिस पहुंची और जांच की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। एक कैमरे में चोर आते-जाते दिखे लेकिन उसमें चोर साफ नजर नहीं आ रहे हैं। पुलिस उनकी पहचान कर रही है। व्यापारी ने तहरीर देकर खुलासे की मांग की है।

कोतवाली सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि चोरी की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची थी। जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।


चोरी के बाद व्यापारी के घर में फैला पड़ा सामान। ● अमृत विचार

- घर पर ताले डालकर परिवार के साथ ससुराल गए थे व्यापारी पुलिस जांच रही सीसीटीवी

# किशोरी से छेड़छाड़: दोषी को तीन साल की सजा, 10 हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जुर्माना अदा न करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास

**अमृत विचार :** किशोरी के साथ छेड़छाड़ के सात साल पुराने मामले में दोषी को तीन साल के कारावास और 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने 25 नवंबर 2017 को पुलिस को तहरीर दी थी कि सुबह 11 बजे उनकी बहन, बेटी और साली शौच के लिए जंगल गई थीं। इसी दौरान गुरुवचन और दुर्जन आ गए। गुरुवचन उसकी बहन का हाथ पकड़ लिया। छेड़छाड़ की और खींचकर गन्ने के खेत में ले जाने लगा। बेटी और साली ने शोर मचा दिया। आसपास खेतों पर काम कर रहे लोग पहुंच गए। आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ और लज्जा भंग के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की। विवेचना के बाद आरोपी गुरुवचन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। गुरुवार को न्यायाधीश ने पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन कर विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी, वीरेंद्र सिंह वर्मा, प्रदीप और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद गुरुवचन को सजा सुनाई है।

# किसान ने पेड़ पर फंदा लगाकर की आत्महत्या

**मुजरिया, अमृत विचार:** किसान का शव पेड़ पर लटका मिला। परिजनों के मुताबिक पत्नी से अनबन होने पर आत्मघाती कदम उठाया है।

थाना क्षेत्र के गांव नगला सालार निवासी सत्यवीर(27) पुत्र महेंद्र सिंह का शव बिजली घर के पीछे एक पेड़ पर लटका हुआ था। परिजनों को इसकी जानकारी तब हुई जब कुछ मृतक का भतीजा खेत में खड़ी फसल की रखवाली करने वहां पहुंचा। परिजनों ने बताया कि मृतक का पत्नी से सत्यवीर की अनबन हो गई थी। जिसके चलते वह घर से निकल कर चला गया था।


मृतक सत्यवीर।

# बाइक की टक्कर से युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।राजकीय मेडिकल कॉलेज में युवक की मौत हो गई।


मृतक हरेंद्र।

कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव चंदनपुर निवासी हरेंद्र (19) पुत्र प्रेम सिंह खेती करने में परिवार की मदद करते थे। बुधवार शाम वह बाइक से खेत से लौट रहे थे। गांव के पास दिल्ली राजमार्ग पर विनायक स्कूल के सामने बाइक खड़ी की और सड़क किनारे खड़े हो गए। इसी दौरान तेज रफ्तार से आए बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और परिजन पहुंचे। घायल को सहसवान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान देर रात हरेंद्र की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा रहा।

### सड़क पर मिला युवक का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

**उसहैत ।** कस्बा के वार्ड एक में युवक का शव मिला। उसके पास बंद मोबाइल और भीगा हुआ अंडरवियर पड़ा था। पुलिस ने मोबाइल के जरिए उसकी शिनाख्त करने की कोशिश की, परंतु मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजकर मोर्चरी में रखवा दिया है। कस्बा के वार्ड एक में सड़क पर युवक पड़ा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिलाया तो वह मृत पड़ा था। उसके पास मोबाइल बंद पड़ा था। चार्ज करने के बाद मोबाइल खोला गया। परंतु उससे भी कोई सुराग पुलिस को नहीं मिल सका है। इतना पता चला कि युवक वहां किसी महिला से मिलने आया था। और शहर की बाबा कालोनी में बेलदारी का काम करता है। परंतु उसकी सही पहचान नहीं हो सकी। इस पर पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेज दिया। जहां शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

# ई-रिक्शा चालक पर 8.11 लाख का जुर्माना कोर्ट ने किया निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ई-रिक्शा चालक ने बिजली विभाग से मांगी थी आरटीआई के तहत जानकारी
- अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भेजने के बाद भी बिजली विभाग ने नहीं दिया जवाब

**अमृत विचार :** बिजली विभाग के प्रवर्तन दल ने एक ई-रिक्शा चालक पर बिजली चोरी करके दुकान पर बेल्डिंग करने के आरोप में 6 लाख 70 हजार 927 रुपये जुर्माना और एक लाख 40 हजार शमन शुल्क लगाया। स्थाई लोक अदालत ने जुर्माना निरस्त कर दिया।

कोतवाली सहसवान क्षेत्र कस्बा के मोहल्ला कटरा निवासी शकील पुत्र अमीरद्दीन ने पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, विद्युत वितरण खंड चतुर्थ के अधिशासी अभियंता व उपखंड अधिकारी के खिलाफ कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें उन्होंने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाकर सवारियां ढोते हैं। 20 फरवरी 2023 को हल्का के अमीन उनके घर आए थे। बिजली विभाग की ओर से उनके खिलाफ जारी 6 लाख 70 हजार 927 रुपये की आरसी दी। कहा कि जुर्माना 15 दिनों में जमा करें वर्ना उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

वह बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचे जहां बताया गया कि उनकी दुकान पर चोरी से बेल्डिंग मशीन चलती पाई गई थी जिसके चलते जुर्माना लगाया गया है। शकील ने अधिशासी अभियंता को बताया कि वह तो ई-रिक्शा चलाते हैं। उनकी कभी भी बेल्डिंग की दुकान नहीं रही है। साजिश के तहत उनका नाम और पता लिखवाया गया है। सक्षम अधिकारी से जांच कराने के लिए वसूली प्रमाण पत्र तहसील सहसवान भेजा गया। इसके बाद से अमीन ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। शकील ने 27 जून 2023 को आरटीआई के अंतर्गत असेसमेंट धनराशि व चेकिंग के संबंध में सूचना मांगी। जो उपलब्ध नहीं कराई गई। अपने अधिवक्ता के माध्यम से 3 अगस्त को नोटिस भेजा। विभाग ने न तो जवाब दिया और न ही समाधान किया। स्थाई लोक अदालत ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि अगर वादी ने नाम व पता गलत होने की बात कही तो उसकी सही प्रकार से जांच करना चाहिए था। विद्युत विभाग के प्रवर्तन दल ने यह नहीं बताया कि बिजली डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स या पैनल से चोरी की जा रही थी। अधिशासी अभियंता अश्विनी कुमार वर्मा ने शपथ पत्र दिया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनी और सदस्यों की राय भी ली। कोर्ट ने माना कि विभाग की ओर से जारी आरसी वादी को परेशान करने के लिए मनमाने तरीके से जारी की है। इसके बाद विभाग की ओर से जारी 8 लाख 10 हजार 927 रुपये का वसूली प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया।

**सेहत से खिलवाड़** — शहर में कई स्थानों पर चक्कियों पर मसालों की होती है पिसाई, नहीं की जाती जांच

# बाजार में बिक रहे खुले मसालों में मिलावट का तड़का

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** बाजार में प्रतिबंध के बाद भी खुले मसालों की बिक्री हो रही है। धंधेबाज खुले मसालों में मिलावट का तड़का लगा रहे हैं। मसालों का रंग चटक दिखे इसके लिए केमिकल मिला दिया जाता है। प्रतिबंध के बाद भी बिक रहे खुले मसालों की बिक्री पर खाद्य संरक्षण विभाग रोक लगाने में असमर्थ है।

शहर के बाजार नेहरु चौक सहित अन्य छोटी-बड़ी दुकानों के अलावा चक्कियों पर खुले मसालों की बिक्री हो रही है। होली और उसके बाद नवरात्र के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले भर में अभियान चलाया था। इस दौरान खाद्य सुरक्षा एवं औषधि संरक्षण विभाग द्वारा पैकेट वाले मसालों के दस सैंपल लिए थे। इसके बाद शासन के आदेश पर हाल के दिनों में दुकानों पर छापामारी कर पैकेट बंद मसालों के 26 नमूने लिए थे। इन नमूनों को प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। लिए गए सैंपल की अभी तक रिपोर्ट नहीं आई है। खुले मसालों के सैंपल लेने में कोताही बरती जा रही है।


ओवर ब्रिज के नीचे चक्की पर पिस रहे मसाले।

- हाल के दिनों में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने पैकेट बंद मसालों के लिए सैंपल

### खुले मसालों की नहीं होती जांच

व्यापारियों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा विभाग पैकेट बंद ब्रांडेड कंपनियों के मसालों की तो जांच करता है। मगर खुले में बिकने वाले पिसे मसालों की जांच नहीं की जाती। जबकि शहर से लेकर देहात क्षेत्रों में लगने वाली साप्ताहिक बाजार में इनकी बिक्री हो रही है।

### कई स्थानों पर पीसे जाते हैं मसाले

शहर के बाजार टिकटगंज, नई सराय, ओवर ब्रिज के नीचे, गोपी चौक, कबूलपुरा आदि स्थानों पर मसालों की पिसाई होती है। अब तक इन स्थानों से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कोई सैंपल नहीं लिया गया। नेहरू चौक पर मसालों की बिक्री करने वाले दुकानदार ने बताया कि पैकेट बंद मसालों की कीमत अधिक होने के कारण खुले मसाला बेचना उनकी मजबूरी है।

### ऐसे होती है मसालों में मिलावट

मिलावटखोर खुले मसालों में तमाम खतरनाक सामग्री मिला देते हैं। हल्दी में सिंथेटिक कलर डालते हैं। इससे उसका रंग निखर जाता है। इसी प्रकार काली मिर्च में पपीता का बीज, धनिया में चावल की भूसी, जीरा में जंगली पौधों से निकले बीज और हल्दी में मक्की का आटा मिला दिया जाता है।

पीसे हुए खुले मसालों पर पूर्णतया प्रतिबंध है। बाजारों में मसालों की जांच की जाती है। कोई दुकानदार खुले हुए पिसे मसालों की बिक्री करते हुए पकड़ा जाता है तो कार्रवाई भी की जाती है। हाल के दिनों में सैंपल लिए गए थे, जिनकी जांच रिपोर्ट आना बाकी है। अब फिर से अभियान चलाकर मसालों की जांच की जाएगी।

–**सीएल यादव**, अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा

# वाहन की टक्कर से खंती में घुसा टेंपो, दो बकरे मरे


वाहन की टक्कर के बाद खंती में गया टेंपो। ● अमृत विचार

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर किसी वाहन ने टेंपो को पीछे से टक्कर मार दी। टेंपो खंती में जाकर पलट गया। हादसे में टेंपो सवार तीन लोग घायल हो गए जबकि टेंपो में बैठे दो बकरों की मौत हो गई। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

आंवला क्षेत्र के धर्मपुर निवासी रज्जू, टेनी सिंह, सनी एक बकरे बेचने के लिए टेंपो में बैठकर बरेली के देवचरा की बाजार जा रहे थे। बरेली-मथुरा राजमार्ग पर चौधरी महाविद्यालय के पास पीछे से आए किसी वाहन ने टेंपो को टक्कर मार दी। चालक टेंपो नियंत्रित नहीं कर पाया और खंती में जाकर पलट गया। टेंपो सवार तीनों लोग घायल हो गए जबकि टेंपो से दबने की वजह से दोनों बकरों की मौत हो गई।

### किराए पर रह रही महिला के घर चोरी

**वजीरगंज, अमृत विचार :** शहर के घंटाघर निवासी आरिफ सलमानी की बेटी बुशरा उर्फ रानी का पति बरेली के मोहल्ला बाकरगंज निवासी मोहम्मद उस्मान सलमानी दुबई में रहकर फर्नीचर का काम करता है। बुशरा सैदपुर में किराए के मकान में रहने लगीं। सात दिन पहले बुशरा अपने बेटे रहमान और रेहान के साथ मायके गई थीं। गुरुवार को वापस आने पर मकान का ताला खोला। भीतर सामान बिखरा हुआ था। अलमारी से जेवर और गुल्लक खाली थी। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शहर में आज

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र सत्यधाम की ओर से जागरुकता शिविर सुबह 10 बजे से।
- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का छात्रा व्यक्तित्व विकास शिविर लक्ष्मीगंज स्थित एमजी डिग्री कॉलेज में सुबह 11 बजे से।
- अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर सपा की विचार गोष्ठी आवास विकास स्थित कैंप कार्यालय पर सुबह 10 बजे से।
- लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर धनगर समाज समिति द्वारा विचार गोष्ठी शहर के मालगोदाम रोड आशा गेस्ट हाउस में सुबह 11 बजे से।
- नौ दिवसीय बौद्ध कथा का सहावर क्षेत्र के गांव सुजानपुर में दोपहर 12 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

# केबल में आग लगने से कई मोहल्लों की बिजली गुल

## भीषण गर्मी में बिजली न आने से रात भर परेशान रहे लोग, पानी की रही किल्लत, इन्वर्टर हुए ठप

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शहर के सहावर गेट लाइन पार इलाके में बंच केबल में आग लगने से इलाके में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। भीषण गर्मी में बिजली गुल होने से लोग त्राहि-त्राहि कर उठे। बुधवार रात नौ बजे गुम हुई बिजली गुरुवार शाम तक सुचारू हो सकी। इस दौरान लोग बूंद बूंद पानी को तरस गए।

शहर के लाइन पार स्थित सहावर गेट क्षेत्र में बुधवार रात लगभग नौ बजे अचानक बंच केबल में आग लग गई। इससे नगला बीच, नगला भट्टा कमला मार्केट, नगला बाले, नई बस्ती, नगला अस्तल, पवसरा, अमरपुर बाइपास मार्ग आदि इलाकों में बिजली गुल हो गई। इसके बाद देर रात तक लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे। बावजूद इसके बिजली नहीं आयी तो लोगों ने विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया। तब लोगों को बंच केबल जलने की जानकारी हुई। इसके बाद सारी रात लोग घरों के बाहर खड़े होकर बिजली आने का इंतजार करते रहे। भीषण गर्मी में बिजली गुल रहने से सबसे ज्यादा दिक्कत बच्चों और बुजुर्गों को हुई। बिजली गायब रहने से कई बस्तियों में लोगों में बिजली अधिकारियों के प्रति लोगों में आक्रोश दिखाई दिया। कर्मचारी गुरुवार शाम तक बंच केबल ठीक करने में जुटे रहे, लेकिन देर शाम तक आपूर्ति सुचारू नहीं हुई। घरों में लगे बिजली उपकरण शोपीस बने रहे। लगातार बिजली गायब रहने से इन्वर्टर भी जवाब दे गए। लोगों के मोबाइल भी चार्ज नहीं हो पाए। बिजली न आने से घरों में पेयजल संकट गहरा गया। घरेलू काम के लिए लोगों को सड़क पर खड़े इंडिया मार्का हैंडपंप से पानी भरकर लाना पड़ा।


सहावर गेट इलाके में नल से पानी भरकर लाते बच्चे। ● अमृत विचार

> बंच केबिल में आग लग जाने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। तकनीकी कर्मचारी दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। शीघ्र विद्युत आपूर्ति सुचारू की जाएगी।
> – **एके सविता**, प्रभारी अधीक्षण अभियंता विद्युत

● **बुधवार रात नौ बजे से गुल हुई बिजली, गुरुवार देर शाम तक नहीं आई**


रात लगभग नौ बजे अचानक बिजली गई तो उम्मीद थी कि कुछ देर में आपूर्ति सुचारू हो जाएगी, लेकिन जब पता लगा कि बंच केबल में आग लग गई है तो उम्मीद टूट गई।
– **उदयवीर**, नगला बीच


भीषण गर्मी में बिजली चले जाने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। 18 घंटे से अधिक बीत गए, लेकिन देर शाम तक बिजली सुचारू नहीं हो पाई है। भीषण गर्मी में बिजली न आने से लोग परेशान हो गए। – **संजय पुढ़ीर**, कमला मार्केट


पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। बिजली ही गर्मी में राहत पाने का एक साधन है। रात के नौ बजे बिजली गुल हुई। बिजली न आने से कूलर, पंखे सब बंद पड़े हैं। गर्मी की वजह से लोग बहुत परेशान हैं। – **अनिल कुमार**, नगला बीच


लोगों को बिजली न होने से सबसे बड़ी समस्या पानी की रही। लोगों को घरेलू काम के लिए सड़क पर लगे इंडिया मार्का हैंडपंप से पानी लाना पड़ा है। शाम छह बजे चुके हैं, लेकिन अभी तक विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हुई। – **महारानी**, नगला भट्टा

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग नगदी व लाखों का सामान जला

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● **सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने बमुश्किल पाया आग पर काबू**

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला नवाब गली मीना बाजार में गुरुवार सुबह शॉट सर्किट से एक मकान में आग लग गई। इससे घर में रखा घरेलू नगदी समेत लाखों का समान जल गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया है। आग बुझाने के लिए तीन दमकल वाहनों को लगाया गया।

शहर के मोहल्ला नवाब गली मीना बाजार निवासी नीरज वार्ष्णेय अपने घर की ऊपरी मंजिल पर परिवार के साथ रहते हैं। मकान के नीचे वाले हिस्से में मेडिकल का कारोबार होता है। गुरुवार सुबह शॉर्ट सर्किट से घर की दूसरी मंजिल पर आग लग गई। घर में सो रहे लोगों को जब तक इसकी जानकारी हुई तब तक आग फैल चुकी थी। घर में मौजूद लोगों बाहर निकलकर शोर मचाया तो आसपास के लोग जमा हो गए। वहां मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग बढ़ती रही। इस बीच सीएफओ आरके तिवारी तीन गाड़ियों को लेकर टीम के साथ मौके पर जा पहुंचे और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। नीरज वार्ष्णेय के मुताबिक आग में 10 हजार रुपये नगद समेत लाखों रुपये कीमत का घरेलू सामान जल गया। सीएफओ आरके तिवारी ने बताया कि आग पर काबू जल्द काबू पा लिया गया।


घर की दूसरी मंजिल में लगी आग बुझाता फायर ब्रिगेड कर्मचारी।

# टैंकर में आग लगने की सूचना मिली तो मौके पर दौड़े अफसर और कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** इज्जतनगर मंडल द्वारा गुरुवार को सतर्कता जांचने के लिए मॉकड्रिल कराया गया। इज्जतनगर मंडल के नगरिया-सोरों के मध्य टैंकर में आग लगने की सूचना पर कासगंज आरपीएफ की टीम सबसे पहले पहुंची। वहां मॉकड्रिल की जानकारी मिलने पर जवानों ने राहत की सांस ली।

गुरुवार दोपहर लगभग दो बजे इज्जतनगर रेल मंडल के कंट्रोल रूम से सोरों-मानपुर नगरिया स्टेशन के मध्य किलोमीटर संख्या 402/06-07 पर बीटीपीएएन टैंकर में आग लगने की सूचना प्रसारित की गई। टैंकर में आग लगने की सुनकर विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। पोस्ट कमांडर राम प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक अर्जुन कुमार पुलिस बल के साथ मौके को रवाना हो गए। सोरों कोतवाली इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी भी मौके पर जा पहुंचे। वहीं, बदायूं से रेलवे के सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद जाकिर, जेई पीडब्लू सुनील कुमार, दमकल की टीम और बड़ी संख्या में रेल अधिकारी मौके पर पहुंच गए। रेलवे की एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन तथा चिकित्सा राहत गाड़ी को भी मौके पर भेज दिया गया।

अधिकारियों को मौके पर आग लगने की कोई घटना होना प्रतीत नहीं हुई। बाद में पता चला कि सतर्कता जांच के लिए मॉकड्रिल कराई गई थी।


मौके पर आरपीएफ पोस्ट कमांडर रामप्रताप सिंह, सोरों इंस्पेक्टर व अन्य।

- **मौके पर सबसे पहले पहुंची कासगंज आरपीएफ की टीम**
- **सतर्कता जांचने के लिए रेलवे ने किया मॉक ड्रिल**

# युवक ने अपने साथ बच्ची का फोटो वायरल किया, रिपोर्ट

**कासगंज, अमृत विचार :** अमांपुर थाना क्षेत्र के एक युवक ने 12 वर्षीय बच्ची को तमंचा दिखाकर दुष्कर्म की धमकी दी। आरोपी ने अपनी फेसबुक आइडी पर किशोरी के साथ अपना फोटो वायरल कर दिया। इस मामले में पिता ने आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। थाना अमांपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसके गांव के रहने वाले नन्हें ने उसकी बेटी को तमंचा दिखाकर दुष्कर्म करने की धमकी दे रहा है। घर पर बताने पर पूरे परिवार की हत्या करने करने की धमकी दे रहा है। आरोप है कि 18 मई को आरोपी ने अपनी फेसबुक आइडी पर बच्ची के साथ अपना फोटो भी वायरल कर दिया। उनके समझाने पर भी आरोपी नहीं माना। इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौड़ ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# शहर में नहीं खेल मैदान, छुट्टियों में कहां खेलें बच्चे

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** स्कूल-कॉलेजों में गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। समर कैंप भी लगभग खत्म हो चुके हैं। शहर में कोई खेल मैदान नहीं है। पिकनिक स्पॉट का भी अभाव है। इससे ज्यादातर बच्चे गली-मोहल्ले में खेल कर अपना समय गुजार रहे हैं।

कासगंज को जिला बने लगभग 16 वर्ष गुजर गए। डेढ़ दशक के दौरान जिले में कुछ खास विकास नहीं हुआ। सरकारी भवन और जिले को जोड़ने वाली सड़कों का चौड़ीकरण होने के अलावा कुछ खास काम नहीं हुआ। यहां तक कि जिले में बच्चों के लिए खेल मैदान और घूमने को कोई पिकनिक स्पॉट तक विकसित नहीं किए जा सके। कुछ वर्ष पूर्व तत्कालीन डीएम मासूम अली सरवर ने नदरई में पिकनिक स्पॉट विकसित किया था, लेकिन वह पूरी तरह से विकसित होने से पहले ही रख-रखाव के अभाव में अपनी पहचान खो बैठा है। शहर में बच्चों को खेलने के लिए एक मात्र प्रभु पार्क है। इस पार्क में लोगों के सुबह-शाम टहलने वाले लोगों की वजह से बच्चे खेल भी नहीं पाते हैं।


शहर के प्रभु पार्क में खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

● **शहर के प्रभु पार्क में सुबह-शाम घूमने जाते हैं लोग, बच्चों को नहीं मिलता खेलने का मौका**


प्रशासन चाहे तो नदरई पर दोबारा पिकनिक स्पॉट विकसित कर सकता है, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर इंतजाम किए जाएं। यह स्थल बेहतर विकसित हो जा सकता है।
– **अंश माहेश्वरी**


शहर में बच्चों के खेलने के लिए मैदान होना चाहिए। पार्क में टहलने वालों की संख्या अधिक रहती है। इसलिए बच्चों को खेलने में दिक्कत आती है। खेल मैदान अलग बनना चाहए। – **फरहान**


शहर में कोई पिकनिक स्पॉट नहीं है। अनाधिकृत रूप शहर में स्वीमिंग पूल संचालित है। इनके कोई मानक नहीं है। इन स्वीमिंग पूल पर सुविधाएं भी नहीं है। –**शौर्य राजपूत**


प्रभु पार्क में टहलने वाले लोग बच्चों को खेलने नहीं देते। आखिर बच्चे मायूस होकर लौट जाते हैं। खेलने के लिए अलग स्थल बनना चाहिए। – **कार्तिक**

# आयोग के निर्देशों का पूरी तरह करें पालन

कार्यालय संवाददाता कासगंज

**अमृत विचार :** शहर के श्रीगणेश इंटर कॉलेज सभागार में गुरुवार को मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें डीएम ने कहा कि मतगणना के दौरान चुनाव आयोग के निर्देशों का पूरी तरह पालन करें। लापरवाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को कृषि उत्पादन मंडी समिति में सुबह 8 बजे से होगी। इसके लिए गुरुवार को मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम प्रशिक्षण में 228 कार्मिकों को ईवीएम के कंट्रोल यूनिट से मतों की गणना, सावधानी, विशेष स्थिति में कार्रवाई के बारे में बताया गया। साथ ही डाक मत पत्रों की गणना के बारे में भी बताया गया। इस दौरान निरीक्षण को पहुंचीं डीएम ने सुधा वर्मा ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें। मतदान दिवस पर पूर्ण आत्मविश्वास के साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से कार्य करें। मुख्य विकास अधिकारी सचिन ने कहा कि मतगणना एक महत्वपूर्ण चरण है। इस कार्य को सभी मतगणना कार्मिक पूर्ण निष्ठा, लगन एवं निष्पक्ष भाव से मतों की गणना करें। द्वितीय प्रशिक्षण तीन जून को दिया जाएगा। इस दौरानजिला विकास अधिकारी संजय कुमार, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा. नरेन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप मौर्य, जिला विज्ञान समन्वयक डा. जयंत गुप्ता मौजूद रहे।


प्रशिक्षण के दौरान निर्देश देतीं डीएम सुधा वर्मा व सीडीओ सचिन। ● अमृत विचार

- **लापरवाही करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई**
- **मतगणना कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया**

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सर्पदंश के इंजेक्शन का टोटा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सर्पदंश के मरीजों को लगने वाला इंजेक्शन नहीं मिलता है। इससे कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को जिला अस्पताल दौड़ना पड़ता है। उचित समय पर इलाज न मिलने से कई मरीजों की जान जा चुकी है। भीषण गर्मी और बारिश में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती है। इसकी वजह यह है कि बारिश में बामियों के अंदर पानी भर जाता है, जबकि गर्मी में बामी तपने लगती है। इससे सर्प बामियों से निकलकर बाहर आ जाते हैं। इससे अनजाने में लोग इनका शिकार बन जाते हैं। सर्पदंश के रोगी की स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार की यहां कोई व्यवस्था नहीं है। इसलिए इन्हें जिला अस्पताल भेज दिया जाता है। पटियाली तहसील के तमाम गांव फर्रुखाबाद, बदायूं की सीमा से लगे हैं।

> सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इंजेक्शन की उपलब्धता रहती है। यदि कहीं स्वास्थ्य केंद्रों पर इंजेक्शन नहीं है तो जानकारी कर उपलब्ध कराए जाएंगे। वैसे यह आवश्यक नहीं होता है कि सर्पदंश के हर रोगी के इंजेक्शन दिया जाए। जिला अस्पताल इसलिए रेफर किया जाता है कि यहां सर्पदंश के उपचार बेहतर व्यवस्था है।
> – **राजीव कुमार अग्रवाल**, सीएमओ

## सर्प ने महिला को डसा अस्पताल में भर्ती

थाना ढोलना के गांव वाहिदपुर माफी में गुरुवार सुबह खेत पर शौच के लिए गई हुकुम सिंह की 35 वर्षीय पत्नी भूरी देवी के दाएं पैर में सर्प ने डस लिया। जिससे वह बेहोश हो गई। परिवार के लोग उन्हें बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल ले गए। जहां उनका उपचार जारी है।

# फंदे पर लटका मिला महिला का शव

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव प्रहलादपुर में एक विवाहिता का शव घर में फंदे पर लटका मिला है। पिता ने उसकी हत्या कर शव लटकाने का आरोप उसके ससुराल वालों पर लगाया है। इस घटना के बाद विवाहिता के ससुराल वाले मौके से फरार हो गए।

गांव सुन्नगढ़ी निवासी सोनेलाल ने अपनी पुत्री सरोज का विवाह लगभग 12 वर्ष पूर्व कोतवाली सोरों के गांव प्रहलादपुर निवासी राजेंद्र के पुत्र सुनील के साथ किया था। गुरुवार दोपहर सरोज का शव घर में फंदे पर लटका मिला। इसका पता लगने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण राजेंद्र के घर एकत्र हो गए। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। इस बीच ग्रामीणों ने इसकी सूचना फोन पर सरोज के पिता सोनेलाल को दे दी। इसके बाद सोनेलाल अपने परिजनों व रिश्तेदारों के साथ सरोज की ससुराल जा पहुंचे, जिससे कोहराम मचने लगा। मायके वालों ने सरोज की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। इस पर सोरों कोतवाली इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे। फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया गया। सोनेलाल का कहना है कि उनके दामाद सुनील की तबीयत खराब रहती है।

इससे वह घर पर रहते हैं। सरोज की ससुराल वालों से अनबन रहती थी। आरोप है कि ससुराल वालों ने सरोज की हत्या कर शव फंदे पर लटका दिया। उधर, सरोज का शव फंदे पर लटका देखने के बाद उसके ससुराल वलो घर से फरार हो गए।


मृतका सरोज।

● **मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप पुलिस जांच में जुटी**

> इस मामले में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> –**अजीत सिंह चौहान**, सीओ सिटी

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को जेल भेजा

**कासगंज।** सोरों कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी। आरोपी सुनवीर निवासी गांव भड़पुरा कोतवाली सोरों को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

## सार-संक्षेप

### जहर खाने से युवक की हालत बिगड़ी

**कासगंज।** थाना अमांपुर के गांव भरतपुर में गांव के 21 वर्षीय राजू शाक्य पुत्र जसवीर शाक्य ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अमांपुर स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिलाअस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में उपचार जारी है। घटना की जानकारी पुलिस को नही दी गई है।

### ट्रेन में यात्री की हालत बिगड़ी, अस्पताल में मौत

**कासगंज।** लखनऊ से चलकर कासगंज पहुंचने वाली ट्रेन संख्या 05379 में एक व्यक्ति की हालत बिगड़ गई। सूचना पर आरपीएफ आरक्षी रामनरेश ने जीआरपी को बताया। जीआरपी वाले उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने पउसे मृत घोषित कर दिया है।

### वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

**एटा।** डीएम प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में वर्ष 2024-25 के वृक्षारोपण लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति करने हेतु कलक्ट्रेट सभागार में विसमीक्षा बैठक हुई। इसमें डीएम ने निर्देश दिए कि शासन से जो भी लक्ष्य आवंटित हुआ है, उसकी प्रत्येक दशा में प्रतिपूर्ति होनी चाहिए। सभी विभागाध्यक्ष अपने आवंटित लक्ष्य के अनुरूप माइक्रोप्लान बनाकर तैयारी शुरू कर दें। साथ ही अपने अधीनस्थों के साथ वृक्षारोपण अभियान की सफलता हेतु बैठक कर ली जाए।

### सीपीआईएम नेता के निधन पर शोक

**कासगंज।** सीपीआईएम के जिला कमेटी सदस्य एवं सेवानिवृत्त शिक्षक कामरेड प्रेम सिंह के निधन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया है। गांव के बिरौंची पहुंचकर उनके शव पर पुष्प अर्पित किए और शोक व्यक्त किया। जिला सचिव बृजलाल भारती, सालिगराम, सुनील सिंह, ओमप्रकाश प्रतिहार, ज्ञान सिंह बघेल, राजाराम यादव, वीरेंद्र सिंह, गोवर्धन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● **घायल युवक को नाजुक हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया**

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार देर रात ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना अमांपुर क्षेत्र के गांव महदवा निवासी धर्मेंद्र पुत्र रामभरोसे अपने साथी विनीत पुत्र पन्नालाल के साथ कासगंज गया था। वहां से रात लगभग साढ़े नौ बजे दोनों अपने गांव महदवा लौट रहे थे। सदर कोतवाली क्षेत्र में कासगंज-अमांपुर मार्ग पर गांव के बरीखेड़ के निकट से गुजरते समय उनकी बाइक में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार धर्मेंद्र को गंभीर चोटें आने से मौके पर मौत हो गई। जबकि विनीत गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। इसकी सूचना मिलने पर परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए, जिससे कोहराम मच गया।


जिला अस्पताल में विलाप करतीं मृतक के परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

> घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग है। परिजनों की तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।
> – **रामवकील सिंह**, इंस्पेक्टर

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**गंजडुडवारा, अमृत विचार।** ब्राइट फ्यूचर इंटर कॉलेज में आयोजित समारोह में छात्र–छात्राओं को परीक्षा फल वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी द्वारा बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। परीक्षाफल वितरण समारोह का शुभारंभ छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से हुआ।

प्रबधंक रिजवान अली व सपा प्रवक्ता ने छात्र–छात्राओं को परीक्षा फल वितरित किए। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि परीक्षा फल का उद्देश्य आत्ममूल्यांकन है व इससे प्रेरणा लेकर दिन-प्रतिदिन सुधार की प्रक्रिया में अग्रसर होना चाहिए। जिन छात्रों का परीक्षाफल अच्छा रहा वो नए सत्र में उसे और अच्छा करने का प्रयास करें। मुनेंद्र शाक्य के अलावा शिक्षक मौजूद रहे।

# संत दर्शन सिंह की पुण्यतिथि पर शरबत बांटा



**कासगंज, अमृत विचार :** पटियाली के सेंट केएम इंटर कॉलेज में रुहानी मिशन द्वारा संत दर्शन सिंह की 35वीं पुण्य तिथि मनाई गई। विद्यालय प्रबंधक श्याम किशोर गौर ने संत के जीवन–चरित पर प्रकाश डाला। अनुयाइयों से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर शरबत का वितरण किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य शोभित सिंह चौहान, रोहित पुंढीर, आलोक गौर, सौरभ दीक्षित, भीकम सिंह, अनुज, नीरज, सनी, रिंकू, अम्बुज द्विवेदी, वीनू, भानु, मयंक, आदर्श, सुखराम सिंह मौजूद रहे।

# समाजसेवियों ने राहगीरों को शरबत वितरित किया



**गंजडुंडवारा, अमृत विचार :** कस्बे के सहावर रोड पर समाजसेवियों ने भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल शरबत का वितरण कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत पीकर भीषण गर्मी में राहत महसूस की। शरबत बांटने वालों में हसनैन, बबलू कुरैशी, अल्ताफ खान, मुनीश अहमद, आतिफ खान, तस्लीम, फरहान, हाफिज शोएब, आबिद, जहीर अब्बासी, कलीम आदि मौजूद रहे।

## मेधा पाटकर की सजा पर अदालत ने पूरी की सुनवाई

**नई दिल्ली।** यहां की एक अदालत ने गुरुवार को मानहानि के मामले में सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर की सजा पर सुनवाई पूरी कर ली। यह मानहानि का मामला दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उनके खिलाफ दर्ज कराया, जब वह गुजरात में एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के प्रमुख थे।

- दिल्ली के उपराज्यपाल ने दर्ज कराया था मानहानि का मामला

मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर को आपराधिक मानहानि का दोषी ठहराया है और दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण से पीड़ित पर प्रभाव रिपोर्ट (वीआईआर) जमा करने को कहा है। अदालत में बहस के दौरान सक्सेना के वकील ने पाटकर के लिए अधिकतम सजा की मांग करते हुए कहा कि एक नजीर स्थापित करने की जरूरत है। इस अपराध के लिए अधिकतम दो साल तक की साधारण कैद या जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है। सक्सेना के वकील ने कहा कि पाटकर ने 2006 में उसी प्रकृति का दोहरा अपराध किया था। मामले की अगली सुनवाई सात जून होगी। अदालत ने 24 मई को पाटकर को दोषी करार देते हुए कहा कि पाटकर ने सक्सेना के देशभक्त नहीं होने और कायर कहा था, तथा हवाला लेन-देन में उनकी संलिप्तता का आरोप लगाया था, जो मानहानिकारक थे।

## खरगे पर सिंधिया का तंज सबको सपने देखने का हक

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के देश में चार जून को नई वैकल्पिक सरकार के वजूद में आने के दावे पर तंज कसते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को कहा कि हर व्यक्ति और दल को सपने देखने का पूरा हक है।

खरगे ने एक बयान में कहा था कि उन्हें विश्वास है कि देश के मतदाता चार जून को मतगणना के दौरान नई वैकल्पिक सरकार का जनादेश देंगे। खरगे के इस बयान पर प्रतिक्रिया जताते हुए सिंधिया ने इंदौर में कहा, हर व्यक्ति और हर दल को सपने देखने का संपूर्ण हक है। लोगों ने अपना जनादेश दे दिया है। पूरे देश के 140 करोड़ लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त कर चुके हैं। सिंधिया ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस बार भारतीय जनता पार्टी और इस दल की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग), दोनों चुनावी जीत का नया कीर्तिमान रचेंगे।

## कोटा में दो नवजात की मौत मामले में 14 चिकित्साकर्मियों पर कार्रवाई

**जयपुर, एजेंसी**

- अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया नोटिस

राजस्थान के कोटा के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में दो नवजात शिशुओं की मौत के मामले में चिकित्सा विभाग ने 14 चिकित्साकर्मियों के खिलाफ नोटिस जारी किया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि सुकेत सीएचसी में चिकित्साकर्मियों की लापरवाही से दो नवजात शिशुओं की मृत्यु का प्रकरण सामने आया है, ऐसे में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (कोटा जोन) के संयुक्त निदेशक से तत्काल जांच करवाकर सख्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा कर्मियों की लापरवाही सामने आयी। उन्होंने कहा कि विभाग ने 14 चिकित्साकर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जनस्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि अपनी मर्जी से अनुपस्थित रही महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता चंद्रावती शर्मा को तत्काल निलंबित कर दिया गया है और बीसीएमओ डॉ. रईस खान को पर्यवेक्षणीय लापरवाही एवं राज्य सरकार के आदेशों की अवहेलना पर एपीओ किया गया है।

सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. अर्पित गुप्ता को बिना अवकाश स्वीकृत कराए ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया है। इसी तरह प्रसविका पुष्पलता सक्सेना तथा नर्सिंग ऑफिसर बजरंग लाल मीणा, हेमन्त चौधरी, राहुल शर्मा, आशिक, फराज बेग, विजय कुमार पंचोली, नितेश वर्मा एवं तुषार यादव को भी कारण बताओ नोटिस दिया गया है। इसी तरह डॉ. नेहा सुवालका एवं डॉ. परमजीत सिंह को भी कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

## अमृतसर में हेरोइन के साथ एक ड्रोन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र से 550 ग्राम हेरोइन और एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि बीएस एफ खुफिया इकाई द्वारा अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में मादक पदार्थों के साथ एक ड्रोन की मौजूदगी के बारे में दी गयी।

सूचना के आधार पर, बीएसएफ के जवानों ने संदिग्ध क्षेत्र में तुरंत व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान, सुबह लगभग 07:30 बजे, जवानों ने अमृतसर जिले के रोरनवाला खुर्द गांव के बाहरी इलाके से संदिग्ध हेरोइन के एक पैकेट के साथ 1 ड्रोन को बरामद किया। मादक पदार्थ पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटे हुए थे। बरामद ड्रोन की पहचान चीन निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक के रूप में की गयी है।

## कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में सुनवाई जारी

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

- मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता ने कहा वक्फ बोर्ड को है मामले में सुनवाई का अधिकार

इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में गुरुवार को मुस्लिम पक्ष की ओर से उपस्थित अधिवक्ता तसलीमा अजीज अहमदी ने कहा कि यह वाद वक्फ अधिनियम और पूजा स्थल अधिनियम के प्रावधानों से बाधित है।

अधिवक्ता ने कहा कि यह वाद शाही ईदगाह मस्जिद के ढांचे को हटाने के बाद कब्जा लेने और मंदिर बहाल करने के लिए दायर किया गया है। वाद में की गई प्रार्थना दर्शाती है कि वहां मस्जिद का ढांचा मौजूद है और उसका कब्जा प्रबंधन समिति के पास है। इस प्रकार से वक्फ संपत्ति पर प्रश्न/ विवाद खड़ा किया गया है और इसलिए यहां वक्फ अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे और इस तरह से इस मामले में सुनवाई का अधिकार वक्फ बोर्ड के पास है न कि दीवानी अदालत के पास।

अधिवक्ता ने बहस के दौरान यह भी कहा कि उनके पक्ष ने 12 अक्टूबर, 1968 को एक समझौता किया था जिसकी पुष्टि 1974 में निर्णित एक दीवानी वाद में की गई। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि एक समझौते को चुनौती देने की समय सीमा तीन वर्ष है, लेकिन वाद 2020 में दायर किया गया, इस तरह से मौजूदा वाद समय सीमा से बाधित है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष चल रही है।

## एक नजर

### जनता दल (यू) के जिला सचिव के भाई की हत्या

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के अकबरनगर थाना क्षेत्र में आज अज्ञात अपराधियों ने जनता दल (यू) के जिला सचिव के भाई की हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि भवनाथपुर गांव निवासी एवं जदयू के जिला सचिव कृष्णकांत राय के भाई अविनीश कांत राय (37) को गुरुवार को गांव के निकट कुछ लोगों ने घेर लिया और कुल्हाड़ी से उसके सिर पर प्रहार करने के बाद भाग गए। हमले में अविनीश की मौत मौके पर ही हो गई। परिजनों एवं ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर के जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। हत्या का कारण जमीन संबंधी विवाद बताया गया है। पुलिस ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कर अपराधियों की धरपकड़ शुरू कर दी है।

### सीबीआई करेगी असम मेघालय सीमा पर हुई हिंसा की जांच

**नई दिल्ली।** असम और मेघालय की सीमा पर करीब 18 महीने पहले हुई हिंसा और मेघालय के पांच निवासियों और असम के एक वन रक्षक की मौत मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने हाथ में ली है। अधिकारियों ने बताया कि घटना 22 नवंबर 2022 को तब हुई जब वन विभाग की टीम ने असम के पश्चिमी कार्बी आंगलोंग जिले में लकड़ी लदे ट्रक को रोका। असम पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बाद में मेघालय की ओर से आई भीड़ ने राज्य के वन रक्षकों और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए असम पुलिस की ओर से गोलीबारी की गई। उन्होंने बताया कि मारे गए छह लोगों में से पांच मेघालय के पश्चिमी जयंतिया जिले के मुकरोह गांव के निवासी थे और एक असम का वन रक्षक था।

### दुकान में एलपीजी सिलेंडर विस्फोट में छह लोग घायल

**तिरुनेलवेली (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु में तिरुनेलवेली के वडक्कू रथ वीधी में गुरुवार शाम एक समोसे की दुकान में एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट हो जाने से छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सिलेंडर विस्फोट के बाद लगी आग से दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गई। दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। घायलों को तिरुनेलवेली मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

## राम मंदिर बनने से कांग्रेस में शोक की लहर : योगी

### हमीरपुर लोस और बड़सर विस क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश), एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से कांग्रेस में शोक की लहर व्याप्त हो गयी है।

बिझड़ी में हमीरपुर लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी अनुराग ठाकुर और बड़सर विधानसभा के लिए हो रहे उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 500 साल का इंतजार समाप्त हुआ है। अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं। जब पूरी दुनिया प्रफुल्लित थी, हर सनातनधर्मी अभिभूत था तब कांग्रेस में शोक की लहर थी। कांग्रेस ने अयोध्या का आमंत्रण ठुकरा दिया था। आज भी उनके बुद्धिदाता कहते हैं कि अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं होना चाहिए था, इनके सहयोगी राममंदिर को बेकार बताते हैं। उन्होंने कहा, दरअसल, कांग्रेस के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग का दस्तावेज है। ये देश में शरिया कानून थोपना चाहते हैं और तालिबानी व्यवस्था लागू करना चाहते हैं। अगर ऐसा हुआ तो बेटियां स्कूल नहीं जा पाएंगी और महिलाओं को बुर्का पहनकर घरों में कैद रहना पड़ेगा। ये देश पर विरासत टैक्स के नाम पर जजिया कर लगाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, औरंगजेब के रास्ते पर चलने वालों को मेरा बुलडोजर हमेशा के लिए दफन कर देगा। ये देश बाबा साहेब के संविधान से चलेगा न कि शरिया कानून से। जब से राममंदिर में भगवान प्राण प्रतिष्ठा हुई है कांग्रेस में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवों और वीरों की भूमि है। यहां प्रकृति और परमात्मा की कृपा है। यह सबको आरोग्यता प्रदान करती है और देवत्व का अहसास कराती है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है कि फिर एक बार मोदी सरकार।


केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### मादक पदार्थ और रेत माफिया का अड्डा बना पंजाब

**लुधियाना (पंजाब)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पंजाब की आप सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पंजाब भूमि, मादक पदार्थ और रेत माफिया का अड्डा बन गया है। इनके खात्मे पर जोर देते हुए आदित्यनाथ ने एक जून को होने वाले चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील की। लुधियाना से रवनीत सिंह बिट्टू की रैली में उन्होंने कहा कि पंजाब की पवित्र भूमि को आप और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अपवित्र कर दिया है।

## सोने की तस्करी में एयरलाइन की चालक दल सदस्य गिरफ्तार

**कन्नूर।** एक एयरलाइन की चालक दल की एक महिला सदस्य को अपने मलाशय में लगभग एक किलोग्राम सोना छिपाकर मस्कट से कन्नूर तक तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के एक सूत्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

सूत्र ने दावा किया कि भारत में यह पहला मामला है, जहां किसी एयरलाइन के चालक दल की सदस्य को मलाशय में छिपाकर सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई-कन्नूर) के अधिकारियों ने विशिष्ट सूचना के आधार पर एयरलाइन की चालक दल की सदस्य सुरभि खातून को रोका, जो 28 मई को मस्कट से कन्नूर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आई थी। वह कोलकाता की रहने वाली है। महिला की तलाशी के बाद 960 ग्राम तस्करी का सोना बरामद हुआ। पूछताछ के बाद, उसे मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जिसने उसे कन्नूर में महिला कारागार में 14 दिनों के लिए भेज दिया। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया के लिये एयरलाइन के एक प्रतिनिधि से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया है।

## भाजपा तीसरी बार केंद्र की सत्ता में नहीं लौटेगी : ममता

**कोलकाता, एजेंसी**

- प.बंगाल की मुख्यमंत्री ने यादवपुर और दक्षिण कोतकाता लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में किया रोड शो

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार तीसरी बार सत्ता में नहीं लौटेगी। यादवपुर और दक्षिण कोलकाता लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 12 किलोमीटर लंबे रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा, यदि मतगणना प्रक्रिया सही ढंग से हुई तो ऐसी संभावना है कि भाजपा इस बार सत्ता में वापसी नहीं कर पायेगी।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के पद का एक खास महत्व है और इसकी संवैधानिक जिम्मेदारियां हैं, लेकिन भाजपा को इसकी परवाह नहीं है। हर बार मतगणना से पहले वह 48 घंटे तक प्रचार पाने के लिए कहीं न कहीं बैठ जाते हैं। वे ध्यान लगा सकते हैं, लेकिन कैमरों की मौजूदगी में ही ऐसा क्यों? तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गुरुवार को लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के समापन के बाद कन्याकुमारी में रॉक मेमोरियल में निर्धारित ध्यान कार्यक्रम का जिक्र कर रही थीं। पिछले लोकसभा चुनाव में प्रचार के बाद मोदी ने केदारनाथ के निकट एक गुफा में ध्यान लगाया था। बनर्जी ने बुधवार को कहा था कि यदि कन्याकुमारी में प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान का टेलीविजन पर प्रसारण किया जाता है तो तृणमूल कांग्रेस निर्वाचन आयोग से शिकायत करेगी।

### होर्डिंग के लिए ढांचा संबंधी प्रमाणपत्र देने वाला इंजीनियर गिरफ्तार

**मुंबई।** इस महीने की शुरुआत में होर्डिंग गिरने से हुए हादसे के सिलसिले में ढांचे के टिकाऊ होने संबंधी प्रमाणपत्र देने के आरोप में 47 वर्षीय एक इंजीनियर को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। होर्डिंग के गिरने की घटना में 17 लोगों की मौत हो गई थी। घाटकोपर इलाके में हुई घटना के संबंध में मनोज रामकृष्ण संघू हिरासत में लिए गए दूसरे व्यक्ति हैं। अपराध शाखा ने संघू की भूमिका सामने आने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के पैनल में शामिल संघू ने होर्डिंग के लिए स्थिरता प्रमाण पत्र दिया था, जो 13 मई को पेट्रोल पंप पर गिर गया था।

## नागपुर में 25 लाख के नकली नोट जब्त, चार गिरफ्तार

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस ने 25 लाख रुपये मूल्य के नकली नोट के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

सीताबल्डी पुलिस ने राहुल वासुदेव ठाकुर (31) की शिकायत पर बुधवार को ये गिरफ्तारियां कीं और नकली नोट जब्त किये गये। ठाकुर ने पुलिस को बताया कि उसने सोमवार रात को फेसबुक पर जल्दी पैसा कमाने की योजना संबंधी एक विज्ञापन देखा। अधिकारी ने बताया कि जब ठाकुर ने नंबर डायल किया, तो दूसरी तरफ से संबंधित व्यक्ति ने कहा कि वह उन्हें अपनी योजना के तहत दो लाख रुपये के बदले आठ लाख रुपये देंगे। अधिकारी के अनुसार, उस व्यक्ति ने नोट छापने की मशीन होने का दावा भी किया। कुछ गलत होने के संदेह के आधार पर ठाकुर ने पुलिस को सतर्क कर दिया, जिसने जाल बिछाकर सतीश ध्यानदेव गायकवाड़ (29), गौतम राजू भलावी (21), शुभम सहदेव प्रधान (27) और मोनू उर्फ शब्बीर बलकत शेख (27) को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि 44 बंडल में 25 लाख रुपये मूल्य के नोट बरामद किये गये हैं। प्रत्येक बंडल में दोनों तरफ एक-एक असली नोट था।

## बुंदेलखंड विवि के कुलपति प्रोफेसरों के खिलाफ याचिका

**विधि संवाददाता,प्रयागराज**

- अनियमितता में इलाहाबाद हाईकोर्ट में 11 जुलाई को होगी सुनवाई

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के प्रबंधन की भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के संबंध में निजी विपक्षियों/ विभिन्न प्रोफेसरों को नोटिस जारी कर उन्हें सुनवाई की अगली तारीख 11 जुलाई तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने रेखा लगरखा की याचिका पर पारित किया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडेय ने रजिस्ट्रार, वित्त अधिकारी और विवि के कुछ प्रोफेसरों के साथ मिलकर 40 करोड़ रुपए की हेराफेरी की है। बीएड परीक्षा 2023 से धन एकत्र कर इसे कुलपति और एक प्रोफेसर के निजी संयुक्त खाते में स्थानांतरित किया था। साथ ही एनएएसी दौरे के उद्देश्य से 150 करोड़ रुपए के दुरुपयोग के बारे में भी बताया गया है जो एक सावधि जमा में थे। याची रसायन विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर पिछले 21 वर्षों से कार्यरत थी, लेकिन उन्हें पदोन्नति नहीं दी गई।



एक जून को लोकसभा चुनाव में सातवें और अंतिम चरण का मतदान होगा। गुरुवार को चुनाव प्रचार भी समाप्त हो गया। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वाराणसी के नमो घाट पर रेत कला बनाई गई है। • एजेंसी

## लोकसभा चुनाव में ड्यूटी के लिए आए दो हेडमास्टर की मौत

**डेहरी आन सोन, एजेंसी**

- चिकित्सकों ने हृदय गति रुकने से मौत होने की पुष्टि की

चुनाव ड्यूटी में योगदान करने के लिए आए दो शिक्षकों की गुरुवार को मौत हो गई।

राजपुर प्रखंड के सबेया गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के हेडमास्टर रामप्रवेश राम जवाहर लाल नेहरू कॉलेज में लोकसभा चुनाव की ड्यूटी के लिए आए थे। दोपहर में अचानक उन्हें तेज बुखार आया और सांस लेने में दिक्कत हुई। वहां मौजूद अनुमंडल अस्पताल की टीम उन्हें अस्पताल ले गयी जहां हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई । वहीं, नोखा प्रखंड के बाभन पूर्व उत्क्रमित मध्य विद्यालय के हेड मास्टर रामशरण चौधरी की मौत नारायण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गई। जानकारी के अनुसार, चौधरी बस स्टैंड के पास अपने मित्रों के साथ चुनाव ड्यूटी के योगदान को दोपहर में जा रहे थे।अचानक वह बेहोश होकर गिर गए। उन्हें नारायण मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इलाज के दौरान हृदय गति रुकने से मौत हो गई। अनुमंडल के निर्वाची पदाधिकारी संतोष सिंह ने घटना की पुष्टि की है।

## असम की पहली एआई शिक्षिका आइरिस ने दिए सवालों के जवाब

**गुवाहाटी, एजेंसी**

- अटल टिंकरिंग लैब परियोजना के तहत मेकरलैब्स एडु-टेक के सहयोग से विकसित किया गया

पारंपरिक मेखला चादर और आभूषणों से सजी असम की पहली कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) वाली शिक्षिका आइरिस ने गुवाहाटी के एक निजी स्कूल के छात्रों के सभी सवालों के तुरंत जवाब दिए।

स्कूल की एक शिक्षिका ने बताया कि मानव सदृश रोबोट से जब पूछा गया कि हीमोग्लोबिन क्या होता है तो उसने छात्रों को सभी विवरणों के साथ इसका जवाब दिया। रॉयल ग्लोबल स्कूल की प्रवक्ता ने बताया, चाहे सवाल उनके पाठ्यक्रम से संबंधित थे या किसी और विषय पर, आइरिस ने उदाहरणों और संदर्भों के साथ तुरंत उनके जवाब दिए। उन्होंने कहा कि जिज्ञासु छात्र, रोबोट की विभिन्न गतिविधियों में उत्सुकता से शामिल थे। बच्चों ने रोबोट से हाथ भी मिलाया तथा सीखने की प्रक्रिया मजेदार और आकर्षक रही। स्कूल की शिक्षिका ने कहा, बच्चे बहुत उत्साहित हैं क्योंकि एआई शिक्षक के पास उनके सवालों के जवाब हैं। रोबोट को नीति आयोग द्वारा शुरू की गई अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) परियोजना के तहत मेकरलैब्स एडु-टेक के सहयोग से विकसित किया गया है। स्कूल की शिक्षिका ने कहा कि आइरिस शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के समाकलन में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। प्रवक्ता ने कहा कि निजी स्कूल पूर्वोत्तर क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा को व्यक्तिपरक तथा अधिक आकर्षक बनाने के लिए रोबोट की क्षमताओं का लाभ उठाने को तत्पर है।

## दिल्ली के हिस्से का पानी लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगी केजरीवाल सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा सरकार पर दिल्ली का पानी रोकने का लगाया आरोप
- जल संकट को देखते हुए दिल्ली सरकार ने बताया वाटर टैंकर वॉर रूम, पानी की बर्बादी रोकने को लगाईं 200 टीमें


जानकारी देतीं दिल्ली की मंत्री आतिशी। साथ में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज।

दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी की मांग को लेकर हो रही बातचीत का हरियाणा सरकार पर कोई असर नहीं पड़ने की वजह से केजरीवाल सरकार ने अब उच्चतम न्यायालय जाने का निर्णय लिया है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के हिस्से की पानी की मांग को लेकर हम शीर्ष अदालत जा रहे हैं।

हरियाणा सरकार द्वारा यमुना में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ रहा है। इस वजह से दिल्ली में जल संकट गहराता जा रहा है। इससे निपटने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सरकार ने वॉटर टैंकर वॉर रूम बनाया है, जहां से दिल्लीवासी 1916 पर कॉल कर पानी के टैंकर मंगा सकते हैं। पानी की बर्बादी रोकने के लिए दिल्ली जल बोर्ड (डीजीबी) की 200 टीमें बनाई गई है। पाइप से कार धोने पर 2000 रुपये का जुर्माना लगाने की चेतावनी भी लोगों को दी है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से पानी का संकट बना हुआ है। दिल्ली के कुछ हिस्सों में पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं आ रही है। इस समस्या का मुख्य कारण हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी यमुना में नहीं छोड़ा जाना है। सबको पता है कि दिल्ली पानी के लिए काफी हद तक यमुना पर निर्भर है। यमुना के पानी से दिल्ली के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट चलते हैं। दिल्ली सरकार पानी के मसले को लेकर उच्चतम न्यायालय का रुख कर रही है। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अगर आस-पास के राज्य दिल्ली को थोड़े दिनों के लिए पानी दे दें, ताकि दिल्ली से पानी का यह संकट दूर हो सके।

## कांग्रेस ने विमर्श खड़ा किया तो प्रधानमंत्री बैकफुट पर गए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस महासचिव बोले-दक्षिण में भाजपा साफ और उत्तर, पूर्व एवं पश्चिम भारत में हाफ

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव के दौरान उनकी पार्टी ने किसी अगर-मगर या किन्तु-परंतु के बिना विमर्श खड़ा किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बैकफुट पर चले गए। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के मतदान से पहले चुनाव प्रचार के आखिरी दिन रमेश ने कहा कि इस चुनाव में इंडी गठबंधन को स्पष्ट एवं निर्णायक जनादेश मिलेगा।

उन्होंने कहा, पहले दो चरणों के बाद यह मेरे लिए स्पष्ट हो गया था कि परिवर्तन की बयार बह रही है। उनका कहना था कि दक्षिण में भाजपा साफ और उत्तर, पूर्व एवं पश्चिम भारत में हाफ है। रमेश ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के अभियान को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने एक मजबूत आधार प्रदान किया क्योंकि इस यात्रा के दौरान ही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पांच न्याय और 25 गारंटी की घोषणा की। जयराम रमेश ने कहा, शुरुआत में ही मैंने कहा था कि जहां तक संचार का सवाल है हमारी नीति एसीटी होनी चाहिए। ए का मतलब एग्रेशन (आक्रामकता), सी का मतलब कोहेसिव (सामंजस्य) और टी का मतलब टाइमली (समयबद्धता) है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस ने संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा का एक विमर्श खड़ा किया। रमेश ने कहा कि इस बार बिना किसी अगर-मगर या किंतु-परंतु के विमर्श खड़ा किया गया और प्रधानमंत्री 'बैकफुट' पर चले गए।

## गेम जोन में आग मामले में चार सरकारी अधिकारी गिरफ्तार

**राजकोट।** गुजरात में राजकोट पुलिस ने गुरुवार को टीआरपी गेम जोन में पिछले सप्ताह लगी भीषण आग के सिलसिले में एक नगर नियोजन अधिकारी (टीपीओ) सहित चार सरकारी अधिकारियों को गिरफ्तार किया है।

आग लगने से हुए हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि टीपीओ एमडी सागथिया, सहायक टीपीओ मुकेश मकवाना और गौतम जोशी तथा कलावड रोड अग्निशमन केंद्र के पूर्व स्टेशन अधिकारी रोहित विगोरा को गिरफ्तार किया गया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक विकास सहाय ने चार सरकारी अधिकारियों को गिरफ्तार किए जाने की पुष्टि की। सरकार ने जोशी और विगोरा को पहले ही निलंबित कर दिया था। इस मामले में अब तक कम से कम नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

